<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
<u>पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)</u>

<u>गृह विज्ञान महाविद्यालय में सात–दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन</u>

पंतनगर। 23 अगस्त 2022। विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान महाविद्यालय में आर्थिक सशक्तिकरण हेतु उद्यमिता कौशल संवर्धन तकनीकियां विषय पर आज से सात–दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की महिलाओं में आर्थिक सशक्तिकरण एवं उनमें उद्यमिता परक दृष्टिकोण एवं व्यवहारिक समझ तथा स्वयं कार्य करने हेतु वित्तीय प्रावधानों की जानकारी भी प्रदान किया जाना है। यह प्रशिक्षण गृह विज्ञान महाविद्यालय एवं अखिल भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद–राष्ट्रीय कृषि आर्थिकी एवं नीति अनुसंधान के संयुक्त प्रयासों से कराया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथिगण द्वारा दीप प्रजवल्लित कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कुलपति एवं कुलसचिव, डा. ए.के. शुक्ला; अधिष्ठात्री, गृह विज्ञान महाविद्यालय, डा. अल्का गोयल; निदेशक, सिक्स सिग्मा इंस्टीट्यूट, रूद्रपुर, डा. सीमा अरोरा; अधिष्ठाता कृषि व्यवसाय प्रबन्धन महाविद्यालय, डा. आर.एस. जादौन; अधिष्ठाता, स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डा. के.पी. रावेरकर; अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, डा. बृजेश सिंह एवं अधिष्ठाता, पशु चिकित्सा महाविद्यालय, डा. एन.एस. जादौन, उपस्थित थे। वाह्य विशेषज्ञ के रूप में गृह विज्ञान महाविद्यालय की पूर्व छात्राएं एकता एवं निलेश तथा एनजीओं कुमाऊ क्राफ्ट एवं कुमाऊ गृह उद्योग, प्रमिला रत्नाकर द्वारा मोमेंटो तैयार कर प्रस्तुत किये गये।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में टाई एवं डाई (बंधेज) की विभिन्न तकनीकियों, उत्पाद निर्माण (स्टोल, कुशनकवर एवं टी–शर्ट) ऐपण तकनीक द्वारा मूल्य संवर्धित उत्पाद निर्माण क्विलिंग तकनीक द्वारा आर्टिफिशियल ज्वेलरी निर्माण पर प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। इस प्रशिक्षण में वित्तीय सहायता हेतु विभिन्न उद्योगों को बैंक के योगदान एवं साइबर अपराध जागरूकता के बारे में जानकारी दी जायेगी एवं तैयार उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगायी जायेगी। इस अवसर पर डा. ए.के. शुक्ला ने प्रशिक्षणार्थियों को आर्थिक सशक्तिकरण हेतु उद्यमिता परक दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। डा. अल्का गोयल ने प्रशिक्षणार्थियों को उत्तम मूल्य संवर्धित उत्पादों के निर्माण एवं प्रशिक्षण के दौरान सीखी गयी तकनीकियों को व्यापक स्तर पर प्रयोग कर स्वरोजगार हेतु प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम का आयोजन सह प्राध्यापिका, पारिवारिक संसाधन एवं प्रबन्ध विभाग, डा. छाया शुक्ला, के दिशा–निर्देशन में किया गया। इस प्रशिक्षण में प्रशिक्षण संयोजक, डा. शैफाली मैसी; सहायक प्राध्यापिका, डा. सोनू रानी; डा. दिव्या सिंह तथा विभागाध्यक्ष, वस्त्र एवं परिधान विभाग, डा. शहनाज जहाँ विभागाध्यक्ष, पारिवारिक संसाधन एवं प्रबन्ध विभाग, डा. अदिति वत्स एवं समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त विभागाध्यक्ष, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

कार्यक्रम में उपस्थितजनों को संबोधित करते कुलपति, डा. ए.के. शुक्ला।